नारायणगढ़, दिनांक [14.05.2025] — उपमंडल अधिकारी (ना.) नारायणगढ़ ने आज नगर पालिका सचिव के साथ मिलकर शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए कि वह हर घर तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करे और प्रत्येक गली से नियमित रूप से कूड़ा उठाए। किसी भी गली या मोहल्ले में सफाई की अनदेखी न हो। उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय मानकों के अनुसार कार्य न करने पर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

एस.डी.एम. ने शहरवासियों से अपील की कि वे खुले में कचरा न डालें और केवल नगर पालिका की डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण गाड़ी में ही कचरा दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है।

इस अवसर पर नगर पालिका सचिव श्री मोहित कुमार ने भी स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति खुले में कचरा फेंकता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध ₹2000 का जुर्माना (चालान) किया जाएगा।

उन्होंने शहर वासियों से यह भी आग्रह किया कि वे प्लास्टिक की थैलियों या अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करें और इसके स्थान पर कपड़े, कागज या जूट के बैग का प्रयोग करें।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग करता पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। नगरपालिका ने विगत दिनों में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के लगभग 5 चालान भी किए हैं। उन्होंने लोगों से स्वच्छ और स्वस्थ नारायणगढ़ बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की।

# स्वच्छ और स्वस्थ नारायणगढ़ बनाने के लिए लोग करें सहयोग : एसडीएम

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 14 मई।** एसडीएम शाश्वत् सांगवान ने आज नगर पालिका सचिव मोहित कुमार के साथ शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए कि वह हर घर तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करे और प्रत्येक गली से नियमित रूप से कूड़ा उठाए। किसी भी गली या मोहल्ले में सफाई की अनदेखी न हो। उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय मानकों के अनुसार कार्य न करने पर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

एस.डी.एम. ने शहरवासियों से अपील की कि वे खुले में कचरा न डालें और केवल नगर पालिका की डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण गाड़ी में ही कचरा दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से स्वच्छ और स्वस्थ नारायणगढ़ बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की।

इस अवसर पर नगरपालिका सचिव मोहित कुमार ने भी स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति खुले में कचरा फेंकता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध 2000 रूपये का जुर्माना (चालान) किया जाएगा।

उन्होंने शहरवासियों से यह भी आग्रह किया कि वे प्लास्टिक की थैलियों या अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करें और इसके स्थान पर कपड़े, कागज या जूट के बैग का प्रयोग करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करता पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। नगरपालिका ने विगत दिनों में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के लगभग 5 चालान भी किए हैं।

# नारायणगढ़ को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने आगे आएं लोग

**दिव्य हिमाचल नारायणगढ़**
**सुशील कुमार**

एसडीएम शाश्वत् सागवान ने बुधवार को नगर पालिका सचिव मोहित कुमार के साथ शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए कि वह हर घर तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करे और प्रत्येक गली से नियमित रूप से कूड़ा उठाए। किसी भी गली या मोहल्ले में सफाई की अनदेखी न हो। उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय मानकों के अनुसार कार्य न करने पर उनके खिलाफउचित कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने शहरवासियों से अपील की कि वे खुले में कचरा न डालें और केवल नगर पालिका की डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण गाड़ी में ही कचरा दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से स्वच्छ और स्वस्थ नारायणगढ़ बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर नगरपालिका सचिव मोहित कुमार ने भी स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति खुले में कचरा फेंकता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध 2000 रुपए का जुर्माना व चालान किया जाएगा।